# Constable GD in CAPFs and SSF Rifleman GD in AR and Sepoy in NCB Examination 2025

| | |
|---|---|
| Exam Date | 07/02/2025 |
| Exam Time | 12:00 PM - 1:00 PM |
| Subject | Constable GD Examination 2025 |

Section : **Part-A-General Intelligence and Reasoning**

**Q.1** यदि '+' और '−' को परस्पर बदल दिया जाए तथा '×' और '÷' को परस्पर बदल दिया जाए, तो निम्नलिखित समीकरण में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आएगा?

48 × 3 − 16 + 6 ÷ 3 =?

**Ans**

✗ 1. 5

✓ 2. 14

✗ 3. 8

✗ 4. 11

**Q.2** आठ व्यक्ति दो समानांतर पंक्तियों में बैठे हैं जिनमें से प्रत्येक पंक्ति में 4 व्यक्ति इस प्रकार बैठे हैं कि आसन्न व्यक्तियों के बीच की दूरी समान है।
पंक्ति 1 में - G, L, O और F बैठे हैं और उन सभी का मुख दक्षिण की ओर है।
पंक्ति 2 में - B, E, S और T बैठे हैं और उन सभी का मुख उत्तर की ओर है।
इस प्रकार, पहली पंक्ति के प्रत्येक व्यक्ति का मुख दूसरी पंक्ति के किसी अन्य व्यक्ति की ओर है।
S के बाईं ओर कोई भी नहीं बैठा है। L के बाईं ओर कोई भी नहीं बैठा है। T और S के बीच में केवल एक व्यक्ति बैठा है। E के सम्मुख बैठा व्यक्ति, L के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। O, G के दाईं ओर दूसरे स्थान पर बैठा है। निम्नलिखित में से कौन-सा विकल्प, पंक्तियों के अंतिम छोरों पर बैठे दोनों व्यक्तियों को दर्शाता है?

**Ans**

✗ 1. O और T

✗ 2. L और E


✗ 3. G और S

✓ 4. O और B



Adda247
Test Prime
ALL EXAMS, ONE SUBSCRIPTION
1,00,000+ Mock Tests
Personalised Report Card
Unlimited Re-Attempt
600+ Exam Covered
25,000+ Previous Year Papers
500% Refund
IBPS
NABARD
ATTEMPT FREE MOCK NOW


Adda247
GET IT ON Google Play


**Q.3** दिए गए विकल्पों में से उस आकृति का चयन कीजिए जो नीचे दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर आ सकती है।




**Ans**

✗ 1. 

✗ 2. 

✓ 3. 

✗ 4. 

**Q.4** यदि शब्द ROTCHES के प्रत्येक अक्षर को अंग्रेजी वर्णमाला क्रम में व्यवस्थित किया जाए तो कितने अक्षरों का स्थान अपरिवर्तित रहेगा?

**Ans**

✗ 1. तीन

✗ 2. दो

✓ 3. एक का भी नहीं

✗ 4. एक

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.5 दिए गए कथनों और निष्कर्षों को ध्यानपूर्वक पढ़िए। यह मानते हुए कि कथनों में दी गई जानकारी सत्य है, चाहे वह सामान्यतः ज्ञात तथ्यों से भिन्न प्रतीत होती हो और निर्णय लीजिए कि दिए गए निष्कर्षों में से कौन-सा/कौन-से निष्कर्ष कथनों का तार्किक रूप से अनुसरण करता है/करते हैं।

कथन:
कुछ गेंदें, खिलौने हैं।
सभी खिलौने, प्लास्टिक हैं।
कोई भी प्लास्टिक, जल नहीं है।

निष्कर्ष:
(I): कुछ गेंदें, प्लास्टिक हैं।
(II): कोई भी खिलौना, जल नहीं है।

Ans
✗ 1. केवल निष्कर्ष (I) अनुसरण करता है।
✓ 2. निष्कर्ष (I) और (II), दोनों अनुसरण करते हैं।
✗ 3. केवल निष्कर्ष (II) अनुसरण करता है।
✗ 4. न तो निष्कर्ष (I) और न ही (II) अनुसरण करता है।

Q.6 GFBE अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर एक निश्चित प्रकार से FEAD से संबंधित है। AZVY ठीक उसी प्रकार ZYUX से संबंधित है। उसी तर्क का अनुसरण करते हुए, CBXA दिए गए विकल्पों में से किससे संबंधित है?

Ans
✗ 1. BAVZ
✗ 2. BBVD
✗ 3. BZVZ
✓ 4. BAWZ

Q.7 उस सही विकल्प का चयन कीजिए, जिसे दी गई श्रृंखला में इसी क्रम में रिक्त स्थानों में भरने पर श्रृंखला तार्किक रूप से पूर्ण हो जाएगी।

_KHLJ_IMKM_NLNK_ MOL_

Ans
✗ 1. FLGOT
✗ 2. FKGQT
✗ 3. IKJQP
✓ 4. ILJOP

Q.8 सात व्यक्ति, E, F, G, H, K, L और M, एक पंक्ति में उत्तर की ओर मुख करके बैठे हैं (परंतु जरूरी नहीं कि वे इसी क्रम में बैठे हों)। E और L के बीच में केवल तीन व्यक्ति बैठे हैं। F, L के ठीक बाईं ओर बैठा है। M के दाईं ओर कोई व्यक्ति नहीं बैठा है। M और F के बीच में केवल दो व्यक्ति बैठे हैं। H, G के ठीक दाईं ओर बैठा है। K और H के बीच में कितने व्यक्ति बैठे हैं?


Ans
✗ 1. तीन
✓ 2. दो
✗ 3. चार
✗ 4. एक

Q.9 एक निश्चित कूट भाषा में,
'A + B' का अर्थ है कि 'A, B की पुत्री है',
'A - B' का अर्थ है कि 'A, B का भाई है',
'A x B' का अर्थ है कि 'A, B की बहन है' और
'A ÷ B' का अर्थ है कि 'A, B का पुत्र है'।

यदि 'E + F x G - H ÷ I' है, तो G का E से क्या संबंध है?

Ans
✗ 1. बहन की पुत्री
✗ 2. माता की बहन
✓ 3. माता का भाई
✗ 4. भाई की पुत्री

**Q.10** नीचे एक ही पासे की दो अलग-अलग स्थितियाँ दी गई हैं। संख्या 12 वाले फलक के विपरीत फलक पर कौन-सी संख्या है?





**Ans**


1. 9 (✗)
2. 7 (✓)
3. 11 (✗)
4. 10 (✗)

**Q.11** उस वेन आरेख का चयन कीजिए, जो निम्नलिखित वर्गों के बीच के संबंध को सर्वोत्तम रूप से दर्शाता है।


पेट्रोल, कार, इलेक्ट्रिक

**Ans**

1. (✗) 


2. (✓) 

3. (✗) 

4. (✗) 

Adda247 GET IT ON Google Play


Q.12 उस विकल्प का चयन कीजिए जिसमें दी गई आकृति (X) निहित है (घूर्णन की अनुमति नहीं है)।




(X)

Ans


1.




2.



3.



✔ 4.



Q.13 दी गई श्रृंखला में प्रश्नवाचक चिन्ह (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

650 660 669 677 684 ?

Ans

✔ 1. 690


2. 692

3. 686


4. 688


Adda247
GET IT ON Google Play


Q.14 एक कागज़ को नीचे दर्शाए गए अनुसार मोड़कर काटा जाता है। खोले जाने पर यह कैसा दिखाई देगा?




Ans

1. 

2. 

3. 

✔ 4. 

Q.15 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, निम्नलिखित चार अक्षर-समूहों में से तीन एक निश्चित प्रकार से समान हैं और इस प्रकार एक समूह बनाते हैं। वह कौन-सा अक्षर-समूह है जो उस समूह से संबंधित नहीं है?

(ध्यान दें: असंगत अक्षर-समूह, उस अक्षर-समूह में व्यंजनों/स्वरों की संख्या या उनके स्थान पर आधारित नहीं है।)

Ans

1. BDG

✔ 2. MOQ

3. QSV

4. EGJ

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.16 अंग्रेजी वर्णानुक्रम के आधार पर दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

KRB MTD OVF QXH ?

Ans
1. SZK
2. TZJ
3. RZJ
4. SZJ ✔

Q.17 किसी कूट बद्ध भाषा में, 'TRIP' को '#@&$' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'PART' को '&^@#' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। उसी कूट भाषा में A के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. @
2. ^ ✔
3. $
4. #

Q.18 किसी निश्चित कूट भाषा में, 'NBSF' को '82' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है और 'IMSR' को '118' के रूप में कूट बद्ध किया जाता है। दी गई कूट भाषा में 'AYLC' के लिए कूट क्या होगा?

Ans
1. 86
2. 94
3. 99
4. 82 ✔

Q.19 अंग्रेजी वर्णमाला क्रम के आधार पर, किसी निश्चित तरीके से DGHK का संबंध ADEH से है। उसी तरीके से MQTU का संबंध JNQR से है। समान तर्क का अनुसरण करते हुए, दिए गए विकल्पों में से HLQR का संबंध किससे है?

Ans
1. KOTU
2. FJOP
3. LHQR
4. EINO ✔

Q.20 दी गई श्रृंखला में प्रश्न चिह्न (?) के स्थान पर क्या आना चाहिए?

18 55 89 120 148 ?

Ans
1. 185
2. 173 ✔
3. 192
4. 168

Section : **Part-B-General Knowledge and General awareness**

Q.1 जॉर्ज साइमन ओम 1827 में एक सूत्र (formula) प्रकाशित करने के लिए प्रसिद्ध थे। यह किसका वर्णन करता है?

Ans
1. धारा प्रवाह विभवांतर के अनुक्रमानुपाती और प्रतिरोध के व्युत्क्रमानुपाती होता है। ✔
2. एक संवृत पृष्ठ में कुल विद्युत अभिवाह, संलग्न आवेश के अनुक्रमानुपाती होता है।
3. कुंडली में प्रेरित ईएमएफ का परिमाण उस कुंडली से जुड़े चुंबकीय अभिवाह के परिवर्तन की दर के अनुक्रमानुपाती होता है।
4. संधि में प्रवेश करने वाली सभी धाराओं का योग, संधि से निकलने वाली सभी धाराओं के योग के बराबर होना चाहिए।

Q.2 पहली और दूसरी पंचवर्षीय योजनाओं के मुख्य लक्ष्य क्षेत्र कौन-से थे?

Ans
1. कृषि एवं उद्योग क्षेत्र ✔
2. कृषि और विदेशी क्षेत्र
3. उद्योग और सेवा क्षेत्र
4. कृषि एवं सेवा क्षेत्र

| | | |
|---|---|---|
| Q.3 | निम्नलिखित में से कौन-सा त्यौहार मराठी नववर्ष के रूप में मनाया जाता है? |
| Ans | ✗ 1. उगादि<br>✓ 2. गुड़ी पड़वा<br>✗ 3. मकर संक्रांति<br>✗ 4. पोंगल |

| | |
|---|---|
| Q.4 | सूक्त को निम्नलिखित में से किस वैदिक ग्रंथ के स्तोत्रगान (hymn) के रूप में जाना जाता था? |
| Ans | ✗ 1. अथर्ववेद<br>✗ 2. यजुर्वेद<br>✓ 3. ऋग्वेद<br>✗ 4. सामवेद |

| | |
|---|---|
| Q.5 | भारतीय संविधान के अनुसार, निम्नलिखित में से कौन-सी अनुसूची सरकार की शक्तियों के पृथक्करण से संबंधित है? |
| Ans | ✓ 1. सातवीं अनुसूची<br>✗ 2. छठी अनुसूची<br>✗ 3. आठवीं अनुसूची<br>✗ 4. पाँचवीं अनुसूची |

| | |
|---|---|
| Q.6 | भारतीय संविधान के किस अनुच्छेद में स्पीकर (Speaker) और डिप्टी स्पीकर (Deputy Speaker) के पद से अवकाश, त्यागपत्र और हटाए जाने का उल्लेख है? |
| Ans | ✗ 1. अनुच्छेद 101<br>✓ 2. अनुच्छेद 94<br>✗ 3. अनुच्छेद 84<br>✗ 4. अनुच्छेद 70 |

| | |
|---|---|
| Q.7 | निम्नलिखित में से किसे जून 2024 में केंद्रीय संस्कृति मंत्री नियुक्त किया गया? |
| Ans | ✗ 1. जुएल ओराम<br>✗ 2. किंजरापु राममोहन नायडू<br>✗ 3. गिरिराज सिंह<br>✓ 4. गजेंद्र सिंह शेखावत |

| | |
|---|---|
| Q.8 | भारत की जनगणना, 2011 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस पूर्वोत्तर राज्य की जनसंख्या सबसे अधिक है? |
| Ans | ✓ 1. असम<br>✗ 2. अरुणाचल प्रदेश<br>✗ 3. मणिपुर<br>✗ 4. मिज़ोरम |

| | |
|---|---|
| Q.9 | सिक्किल माला चन्द्रशेखर (Sikkil Mala Chandrasekhar) निम्नलिखित में से किस वाद्य यंत्र से जुड़ी हैं? |
| Ans | ✗ 1. तबला<br>✓ 2. बांसुरी<br>✗ 3. पखावज<br>✗ 4. रुद्र वीणा |

| | |
|---|---|
| Q.10 | नमूना पंजीकरण प्रणाली (Sample Registration System - SRS) 2020 के अनुसार, निम्नलिखित में से किस भारतीय राज्य की जनसंख्या में प्राकृतिक वृद्धि दर सबसे अधिक थी? |
| Ans | ✗ 1. राजस्थान<br>✗ 2. उत्तर प्रदेश<br>✗ 3. मध्य प्रदेश<br>✓ 4. बिहार |

| | |
|---|---|
| **Q.11** | **खाना बनाना सीखते समय राजेश ने देखा कि जब वह एक दर्जन मूंगफली को ग्राइंडर में पीसता है, तो उसमें से तेल निकलने लगता है, जबकि एक कटोरी जीरा पीसने पर उसमें से तेल नहीं निकलता है। इस अंतर के पीछे क्या कारण हो सकता है?** |
| **Ans** | ✔ 1. मूंगफली में मौजूद वसा के कारण तेल निकलता है। |
| | ✘ 2. मूंगफली में मौजूद प्रोटीन के कारण तेल निकलता है। |
| | ✘ 3. मूंगफली को सुखाया नहीं गया था। |
| | ✘ 4. जीरा घटिया गुणवत्ता का था। |

| | |
|---|---|
| **Q.12** | **निम्नलिखित में से किस क्षेत्रक (sector) में सभी व्यावसायिक संस्थाएँ, निगम और भागीदारियाँ शामिल हैं?** |
| **Ans** | ✔ 1. फर्म क्षेत्रक (Firms sector) |
| | ✘ 2. सरकारी क्षेत्रक (Government sector) |
| | ✘ 3. विदेशी क्षेत्रक (Foreign sector) |
| | ✘ 4. घरेलू क्षेत्रक (Household sector) |

| | |
|---|---|
| **Q.13** | **भारत में खेलो इंडिया शीतकालीन खेलों का तीसरा संस्करण कब आयोजित किया गया था?** |
| **Ans** | ✘ 1. जनवरी 2023 |
| | ✘ 2. जनवरी 2024 |
| | ✔ 3. फरवरी 2023 |
| | ✘ 4. फरवरी 2022 |

| | |
|---|---|
| **Q.14** | **2014 में एशियाई खेलों में पुरुष हॉकी टूर्नामेंट में भारत ने कितने वर्षों बाद स्वर्ण पदक जीता था?** |
| **Ans** | ✔ 1. 16 वर्ष |
| | ✘ 2. 14 वर्ष |
| | ✘ 3. 20 वर्ष |
| | ✘ 4. 11 वर्ष |

| | |
|---|---|
| **Q.15** | **1940 का 'अगस्त ऑफर' (August Offer) किस ब्रिटिश सरकारी अधिकारी द्वारा दिया गया था?** |
| **Ans** | ✘ 1. नेविल चेम्बरलेन (Neville Chamberlain) |
| | ✔ 2. लॉर्ड लिनलिथगो (Lord Linlithgow) |
| | ✘ 3. क्लेमेंट एटली (Clement Attlee) |
| | ✘ 4. विंस्टन चर्चिल (Winston Churchill) |

| | |
|---|---|
| **Q.16** | **वैश्वीकरण प्रक्रिया में बहुराष्ट्रीय कम्पनियाँ (MNCs) क्या भूमिका निभाती हैं?** |
| **Ans** | ✘ 1. वे अंतर्राष्ट्रीय व्यापार को हतोत्साहित करती हैं। |
| | ✘ 2. वे व्यापार पर राष्ट्रीय नीतियों को विनियमित करती हैं। |
| | ✘ 3. वे केवल स्थानीय व्यवसायों को बढ़ावा देती हैं। |
| | ✔ 4. वे विभिन्न देशों में उत्पादन और बाजारों को एकीकृत करती हैं। |

| | |
|---|---|
| **Q.17** | **पर्णपाती वन और ट्री-श्रेड्डेड ग्रासलैंड (tree-shredded grasslands) किस प्रकार की जलवायु में पाए जाते हैं?** |
| **Ans** | ✘ 1. आर्द्र उपोष्णकटिबंधीय जलवायु |
| | ✘ 2. गर्म समशीतोष्ण (मध्य अक्षांश) जलवायु |
| | ✘ 3. उपोष्णकटिबंधीय स्टेपी जलवायु |
| | ✔ 4. उष्णकटिबंधीय आर्द्र एवं शुष्क जलवायु |

Adda247

Adda247 GET IT ON Google Play

Q.18 पूर्वी भारत के किस नृत्य को 2010 में मानवता की अमूर्त सांस्कृतिक धरोहर की प्रतिनिधि सूची में मान्यता दी गई थी?

Ans
- ✗ 1. लावणी
- ✗ 2. गरबा
- ✗ 3. बिहू
- ✓ 4. छऊ

Q.19 पद्म श्री से सम्मानित और मोहिनीअट्टम की कलाकार कलामंडलम क्षेमवती पवित्रन का संबंध भारत के निम्नलिखित में से किस राज्य से है?

Ans
- ✓ 1. केरल
- ✗ 2. तेलंगाना
- ✗ 3. कर्नाटक
- ✗ 4. तमिलनाडु

Q.20 'पीएम-सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना' में कौन-सा लाभ शामिल नहीं है?

Ans
- ✗ 1. सरकार के लिए बिजली की कीमतों में कमी
- ✗ 2. नवीकरणीय ऊर्जा का उपयोग बढ़ाना
- ✓ 3. निजी क्षेत्र के लिए बिजली की कीमतों में कमी
- ✗ 4. घरों के लिए मुफ्त बिजली

Section : **Part-C-Elementary Mathematics**

Q.1 एक सेल्समैन अपनी दुकान में नोटबुक की खरीद पर '25 खरीदें और 5 मुफ़्त पाएं' की छूट स्कीम का ऑफर देता है। वह दावा करता है कि उसे एक नोटबुक का मूल्य ₹10 पड़ता है, लेकिन वास्तव में, उसे इसका मूल्य ₹5 पड़ता है। उसके लाभ प्रतिशत और छूट स्कीम के बीच अंतर ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 42%
- ✗ 2. 48%
- ✗ 3. 56%
- ✓ 4. 50%

Q.2 यदि 18 और 98 का माध्यानुपाती 2A + 6 है, तो A का मान ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✗ 1. 17
- ✗ 2. 16
- ✓ 3. 18
- ✗ 4. 19

Q.3 अजय ने HDFC में 4% वार्षिक ब्याज दर पर कुछ धनराशि का निवेश किया। यदि 2 वर्षों के बाद, अजय को वार्षिक रूप से चक्रवृद्धि होने वाले चक्रवृद्धि ब्याज के रूप में ₹204 प्राप्त होता है, तो संगत साधारण ब्याज (₹ में) कितना होगा?

Ans
- ✓ 1. 200
- ✗ 2. 210
- ✗ 3. 215
- ✗ 4. 195

Q.4 किसी मूलधन पर 5% की वार्षिक दर से 2 वर्ष की अवधि के लिए साधारण ब्याज ₹524 है। मूलधन (₹ में) ज्ञात कीजिए।

Ans
- ✓ 1. 5240
- ✗ 2. 5239
- ✗ 3. 5249
- ✗ 4. 5234

**Q.5** वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 1477 और 671 को भाग देने पर क्रमशः 0 और 6 शेषफल प्राप्त हो।

**Ans**
- ✔ 1. 7
- ✘ 2. 20
- ✘ 3. 16
- ✘ 4. 17

**Q.6** वह बड़ी से बड़ी संख्या ज्ञात कीजिए, जिससे 943 और 1957 को भाग देने पर क्रमशः 7 और 1 शेषफल प्राप्त हो।

**Ans**
- ✘ 1. 13
- ✘ 2. 10
- ✔ 3. 12
- ✘ 4. 28

**Q.7** 340 m और 360 m लंबाई वाली दो रेलगाड़ियाँ एक ही दिशा में क्रमशः 80 km/h और 90 km/h की चाल से गतिमान हैं। पीछे से आ रही तेज चाल वाली रेलगाड़ी द्वारा दूसरी रेलगाड़ी को पूरी तरह से पार करने में कितना समय (मिनटों में) लगेगा?

**Ans**
- ✘ 1. 3.7
- ✘ 2. 6
- ✔ 3. 4.2
- ✘ 4. 7

**Q.8** एक समचतुर्भुज के विकर्ण क्रमशः 4 m और 6 m हैं। इसका क्षेत्रफल ($m^2$ में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**
- ✘ 1. 24
- ✘ 2. 9
- ✘ 3. 18
- ✔ 4. 12

**Q.9** पेट्रोल के मूल्य में (प्रति लीटर) 40% की वृद्धि होती है। इसकी खपत में कितने प्रतिशत की कमी कर दी जाए कि इस पर होने वाले व्यय में केवल 19% की वृद्धि हो?

**Ans**
- ✔ 1. 15%
- ✘ 2. 84%
- ✘ 3. 18%
- ✘ 4. 85%

**Q.10** चंडीगढ़ से अमृतसर की दूरी 50 km/hr की चाल से 4.5 घंटे में तय की जाती है। यात्रा के समय में 30 मिनट की बचत करने के लिए चाल में (km/hr में) कितनी वृद्धि की जानी चाहिए?

**Ans**
- ✘ 1. 6.5
- ✔ 2. 6.25
- ✘ 3. 6.75
- ✘ 4. 6

Adda247

**Q.11** यदि रवि की आय, राम की आय से 24% अधिक है, तो राम की आय, रवि की आय की तुलना में कितने प्रतिशत कम है?

**Ans**

✗ 1. $\frac{400}{31}\%$

✓ 2. $\frac{600}{31}\%$

✗ 3. $\frac{500}{31}\%$

✗ 4. $\frac{700}{31}\%$

**Q.12** एक कक्षा के 40 विद्यार्थियों की औसत आयु 12 वर्ष है। यदि शिक्षक की आयु भी सम्मिलित कर ली जाए, तो संपूर्ण समूह की औसत आयु 13 वर्ष हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✓ 1. 53

✗ 2. 56

✗ 3. 50

✗ 4. 51

**Q.13** एक दुकानदार ने ₹520 में एक वस्तु खरीदी। 20% लाभ प्राप्त करने के लिए उसे वस्तु को किस मूल्य (₹ में) पर बेचना चाहिए?

**Ans**

✗ 1. 612

✗ 2. 416

✗ 3. 636

✓ 4. 624

**Q.14** A और B किसी कार्य को क्रमशः 30 दिनों और 10 दिनों में पूरा कर सकते हैं। यदि वे A से शुरू करके बारी-बारी से एकांतर दिनों में कार्य करते हैं, तो कितने दिनों में कार्य पूरा हो जाएगा?

**Ans**

✗ 1. $12\frac{1}{3}$ दिनों

✗ 2. $16\frac{1}{3}$ दिनों

✓ 3. $15\frac{1}{3}$ दिनों

✗ 4. $14\frac{1}{3}$ दिनों

**Q.15** $\frac{x^{2.5}}{y^{1.5}} \times z^{3.5}$ और $x^{0.25} \times \frac{y^{0.25}}{z^{-0.25}}$ का तृतीयानुपाती ज्ञात कीजिए।

**Ans**

✗ 1. $\frac{y^2}{x^3z^2}$

✗ 2. $\frac{y^2}{x^2z^2}$

✓ 3. $\frac{y^2}{x^2z^3}$

✗ 4. $\frac{y^3}{x^3z^3}$

Adda247

Adda247
GET IT ON Google Play

**Q.16** कृष के पास ₹1224 हैं। उन्होंने इसे अपने पुत्रों वीर और नितिन के बीच बांट दिया और उन्हें इसे वार्षिक रूप से चक्रवृद्धित 4% वार्षिक ब्याज दर पर निवेश करने को कहा। यह देखा गया कि वीर और नितिन को क्रमशः 12 और 13 वर्ष बाद समान धनराशि प्राप्त हुई। कृष ने नितिन को कितनी धनराशि (₹ में) दी थी?

**Ans**
1. 724 ✗
2. 624 ✗
3. 600 ✓
4. 450 ✗

**Q.17** एक समूह में 35 विद्यार्थियों की औसत आयु 15 वर्ष है। जब शिक्षक की आयु को शामिल किया जाता है, तो समूह की औसत आयु में 1.25 वर्ष की वृद्धि हो जाती है। शिक्षक की आयु (वर्ष में) कितनी है?

**Ans**
1. 55 ✗
2. 60 ✓
3. 45 ✗
4. 50 ✗

**Q.18** मूल्यांकन कीजिए : 32 ÷ 8 × 4 - 3 × 3

**Ans**
1. 9 ✗
2. 7 ✓
3. 6 ✗
4. 10 ✗

**Q.19** प्रमोद ने 154 कुर्सियाँ बेचीं और उसे 54 कुर्सियों के विक्रय मूल्य के बराबर लाभ हुआ। उसका लाभ प्रतिशत कितना है?

**Ans**
1. 54% ✓
2. 64% ✗
3. 59% ✗
4. 49% ✗

**Q.20** मूल्यांकन कीजिए : (-9) - (-60) ÷ (-15) + (-3) × 6

**Ans**
1. -30 ✗
2. -31 ✓
3. -34 ✗
4. -33 ✗

Adda247

Section : **Part-D-English**

**Q.1** Identify the INCORRECTLY spelt word in the following sentence.

Clear communicetion is essential for effective collaboration and successful completion of complex projects at work.

**Ans**
1. communicetion ✓
2. collaboration ✗
3. effective ✗
4. completion ✗

**Q.2** Select the most appropriate option to fill in the blank.

She felt a ______ of relief after the exam was over.

**Ans**
1. sense ✓
2. responsibility ✗
3. touch ✗
4. danger ✗

**Q.3** The following sentence has been divided into parts. One of them may contain an error. Select the part that contains the error from the given options. If you don't find any error, mark 'No error' as your answer.

The hotel/ is not big enormous/ to accommodate some more guests.

**Ans**
- ✗ 1. to accommodate some more guests.
- ✗ 2. No error.
- ✗ 3. The hotel
- ✓ 4. is not big enormous

**Q.4** Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Confess

**Ans**
- ✗ 1. Preface
- ✗ 2. Scare
- ✓ 3. Disavow
- ✗ 4. Witness

**Q.5** Select the most appropriate synonym of the given word.

Annihilate

**Ans**
- ✗ 1. Increase
- ✓ 2. Destroy
- ✗ 3. Lengthen
- ✗ 4. Confirm

**Q.6** The given sentence is divided into four segments. Select the option that has the segment with an adverbial usage error.

Patricia and / her associate / softly examined / the ancient artefact.

**Ans**
- ✗ 1. the ancient artefact
- ✗ 2. Patricia and
- ✗ 3. her associate
- ✓ 4. softly examined

**Q.7** Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

Elastocaloric cooling is a promising, eco-friendly technology for refrigeration that has the <u>potential to be used by</u> a broad range of applications and at different temperature ranges.

**Ans**
- ✓ 1. potential to be used in
- ✗ 2. potential to use in
- ✗ 3. potential to be using in
- ✗ 4. potential to be used as

**Q.8** Select the most appropriate option to substitute the underlined segment in the given sentence.

Learning a new language can be <u>all challenging and rewarding</u>.

**Ans**
- ✗ 1. neither challenging and rewarding
- ✗ 2. all both challenging or rewarding
- ✓ 3. both challenging and rewarding
- ✗ 4. whether both challenging and rewarding

Adda247

Q.9 Select the most appropriate option to fill in blank.

Neither John _____ his friends were able to attend the party.

Ans
1. or
2. but
3. nor ✓
4. and

Q.10 Select the INCORRECTLY spelt word.

Ans
1. Algebra
2. Composer
3. Horizon
4. Renewel ✓

Q.11 Select the most appropriate option that can substitute the underlined words in the given sentence.

The rural life can be contrasted to that of urban life.

Ans
1. contrasted in
2. contrasted at
3. contrasted off
4. contrasted with ✓

Q.12 Select the most appropriate synonym of the highlighted word.

The policies of the school proscribe accessing social media websites on school computers.

Ans
1. prohibit ✓
2. reveal
3. surround
4. vary

Q.13 Select the most appropriate ANTONYM of the given word.

Authenticate

Ans
1. Scatter
2. Entitle
3. Discredit ✓
4. Amalgamate

Q.14 Select the most appropriate synonym of the underlined word.

The teacher explained the concept in a concise way, making it easy to understand.

Ans
1. Confusing
2. Detailed
3. Interesting
4. Brief ✓

**Q.15** Select the most appropriate option to fill in the blank.
Tamanna is as ______________________________ with all her projects.

**Ans**
1. busy as a tiger
2. busy as a bee ✔
3. busy as a sparrow
4. beat around the bush

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Apart from the fact that he was at this moment, disguised as a spiritual leader ___1___ the Christian Church, there was nothing sinister about Mr. Cyril Boggis. He was ___2___ trade a dealer in antique furniture, with his own shop and showroom in the King's Road, Chelsea. His premises ___3___ not large, and generally he did not do a great deal of business, but because he always bought very, very cheap and sold very, very ___4___ he managed to make quite a tidy little income every year. He was a talented salesman, and when buying or selling a ___5___ he could slide smoothly into whichever mood suited the client best. He was well aware of his gift using it shamelessly on every possible occasion.

**SubQuestion No : 16**

**Q.16** Select the most appropriate option to fill in blank number 1.

**Ans**
1. of ✔
2. off
3. on
4. oft

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Apart from the fact that he was at this moment, disguised as a spiritual leader ___1___ the Christian Church, there was nothing sinister about Mr. Cyril Boggis. He was ___2___ trade a dealer in antique furniture, with his own shop and showroom in the King's Road, Chelsea. His premises ___3___ not large, and generally he did not do a great deal of business, but because he always bought very, very cheap and sold very, very ___4___ he managed to make quite a tidy little income every year. He was a talented salesman, and when buying or selling a ___5___ he could slide smoothly into whichever mood suited the client best. He was well aware of his gift using it shamelessly on every possible occasion.

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** Select the most appropriate option the fill in blank number 2.

**Ans**
1. at
2. by ✔
3. in
4. from

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Apart from the fact that he was at this moment, disguised as a spiritual leader ___1___ the Christian Church, there was nothing sinister about Mr. Cyril Boggis. He was ___2___ trade a dealer in antique furniture, with his own shop and showroom in the King's Road, Chelsea. His premises ___3___ not large, and generally he did not do a great deal of business, but because he always bought very, very cheap and sold very, very ___4___ he managed to make quite a tidy little income every year. He was a talented salesman, and when buying or selling a ___5___ he could slide smoothly into whichever mood suited the client best. He was well aware of his gift using it shamelessly on every possible occasion.

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** Select the most appropriate option the fill in blank number 3.

**Ans**
1. is
2. are
3. was
4. were ✔

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Apart from the fact that he was at this moment, disguised as a spiritual leader ___1___ the Christian Church, there was nothing sinister about Mr. Cyril Boggis. He was ___2___ trade a dealer in antique furniture, with his own shop and showroom in the King's Road, Chelsea. His premises ___3___ not large, and generally he did not do a great deal of business, but because he always bought very, very cheap and sold very, very ___4___ he managed to make quite a tidy little income every year. He was a talented salesman, and when buying or selling a ___5___ he could slide smoothly into whichever mood suited the client best. He was well aware of his gift using it shamelessly on every possible occasion.

**SubQuestion No : 19**

**Q.19 Select the most appropriate option the fill in blank number 4.**

Ans

✗ 1. dare

✗ 2. deer

✗ 3. door

✓ 4. dear

**Comprehension:**

In the following passage, some words have been deleted. Read the passage carefully and select the most appropriate option to fill in each blank.

Apart from the fact that he was at this moment, disguised as a spiritual leader ___1___ the Christian Church, there was nothing sinister about Mr. Cyril Boggis. He was ___2___ trade a dealer in antique furniture, with his own shop and showroom in the King's Road, Chelsea. His premises ___3___ not large, and generally he did not do a great deal of business, but because he always bought very, very cheap and sold very, very ___4___ he managed to make quite a tidy little income every year. He was a talented salesman, and when buying or selling a ___5___ he could slide smoothly into whichever mood suited the client best. He was well aware of his gift using it shamelessly on every possible occasion.

**SubQuestion No : 20**

**Q.20 Select the most appropriate option the fill in blank number 5.**

Ans

✗ 1. peace

✓ 2. piece

✗ 3. pace

✗ 4. pose

Section : **Part-D-Hindi**

**Q.1 'तालाब का किनारा अत्यंत सुन्दर दिख रहा है|' इस वाक्य में प्रयुक्त 'किनारा' शब्द का अनेकार्थी शब्द निम्न में से कौनसा है?**

Ans

✗ 1. अंदाज

✗ 2. माध्यम

✗ 3. सलीका

✓ 4. हाशिया

**Q.2 'अभ्यागत' का पर्याय है-**

Ans

✗ 1. अतिरिक्त

✓ 2. मेहमान

✗ 3. अतीत

✗ 4. आगत

**Q.3 'बहुत परिश्रम करना' के लिए निम्नलिखित में से उपयुक्त मुहावरा है।**

Ans

✗ 1. दिन-रात न होना

✗ 2. आग में घी डालना

✗ 3. अत्यधिक जुगाड़ लगाना

✓ 4. आकाश-पाताल एक करना

Adda247

Adda247 | GET IT ON Google Play

Q.4 'उत्तर प्रदेश की जनसंख्या लगभग तेईस ____ है।'
रिक्त स्थान की पूर्ति के लिए उपयुक्त तत्सम है-

Ans
1. कुकुर ✗
2. करोड़ ✗
3. कज्जल ✗
4. कोटि ✓

Q.5 निम्नलिखित वाक्य में रेखांकित खंड के स्थान पर प्रयुक्त होने वाले सबसे उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए-

सीमा की लिखावट हिंदी की बहुत सुंदर है।

Ans
1. लिखावट की हिंदी ✗
2. हिंदी की लिखावट ✓
3. हिंदी लिखावट की ✗
4. हिंदी की ✗

Q.6 निम्नलिखित मुहावरे के उचित अर्थ का चयन करें-
'आँखों के आगे नाचना'

Ans
1. क्रोध करना ✗
2. देखने को जी चाहना ✗
3. प्रतीक्षा करना ✗
4. हर समय याद रहना ✓

Q.7 'हमारे संविधान में स्त्री के अधिकारों के सम्बन्ध में क्या प्रविधान है?'
उपरोक्त वाक्य के किस शब्द की वर्तनी अशुद्ध है?

Ans
1. अधिकारों ✗
2. सम्बन्ध ✗
3. संविधान ✗
4. प्रविधान ✓

Q.8 दिए गए वाक्यों के रेखांकित शब्दों के आधार पर संज्ञा की दृष्टि से अशुद्ध वाक्य की पहचान करें-

Ans
1. अच्छा मित्र मिल जाना क़िस्मत की बात है। ✗
2. ज़िया ने चतुराई से दुश्मन को परास्त कर दिया। ✗
3. कोई अपना ही कई बार आपका सबसे बड़ा नुक़सान कर देता है। ✓
4. गोपाल और रहीम की मित्रता बहुत पुरानी है। ✗

Q.9 'चिंता यह है की देश का पुनुरुथान कैसे होगा?'

उपरोक्त वाक्य में वर्तनी सम्बन्धी अशुद्धियाँ है| अशुद्धि रहित वाक्य का चयन करें-

Ans
1. चिंता यह है कि देश का पुनुरुथान कैसे होगा। ✗
2. चिंता यह है की देश का पुनरुत्थान कैसे होगा। ✗
3. चिंता यह है कि देश का पुनरुथान कैसे होगा। ✗
4. चिंता यह है कि देश का पुनरुत्थान कैसे होगा। ✓

Q.10 'स्वामी' के लिए विलोम शब्द होगा-

Ans
1. श्रीमान ✗
2. दास ✓
3. दाता ✗
4. श्रद्धा ✗

Q.11 निम्नलिखित वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द चुनिए -
आकाश में विचरण करने वाला

Ans
- ✗ 1. निशाचर
- ✗ 2. भूमिचर
- ✗ 3. जलचर
- ✓ 4. नभचर

Q.12 'आपके यहाँ मेरे लिए कुछ _________ हो तो बताइये, मैं इस समय बेकार हूँ'|

उचित सार्थक और निरर्थक शब्द-युग्म वाले विकल्प का चयन करके उपरोक्त वाक्य पूर्ण करें-

Ans
- ✓ 1. काम-वाम
- ✗ 2. राशन-पानी
- ✗ 3. मीठा-शीठा
- ✗ 4. कपड़ा-लत्ता

Q.13 निम्नलिखित में से कौन-सा शब्द पुल्लिंग नहीं है-

Ans
- ✓ 1. जड़ता
- ✗ 2. पोषण
- ✗ 3. शोषण
- ✗ 4. कार्य

Q.14 'जो शिव की उपासना करता हो' वाक्यांश के लिए सार्थक शब्द इनमें से कौन-सा है?

Ans
- ✓ 1. शैव
- ✗ 2. भक्त
- ✗ 3. वैष्णव
- ✗ 4. शाक्त

Q.15 'निंदा' का विलोम शब्द है-

Ans
- ✗ 1. प्रलाप
- ✗ 2. स्फूर्ति
- ✗ 3. बुराई
- ✓ 4. स्तुति

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए
अस्तित्ववादी, व्यक्ति का अस्तित्व किसी बाह्य सत्ता के _________(1) नहीं मानते। उनके अनुसार मनुष्य अपने भाग्य का _________(2) तथा अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी स्वयं है। बिना अस्तित्वबोध के मनुष्य सच्चे अर्थों में _________(3) भी नहीं हो सकता। अस्तित्ववादी सुख की _________(4) को ही निरर्थक मानते हैं। उनके लिए किसी प्रकार की भी सामाजिक, धार्मिक, नैतिक, राजनीतिक, अथवा वैज्ञानिक _________(5) मनुष्य को न तो पूर्णत: संतुष्ट कर सकती है और न सुखी।

**SubQuestion No : 16**

Q.16 सर्वोचित शब्द से गद्यांश का प्रथम रिक्त स्थान पूर्ण करें-

Ans
- ✗ 1. अनाधीन
- ✗ 2. शिकंजे
- ✓ 3. अधीन
- ✗ 4. अंतर्गत

Adda247 GET IT ON Google Play

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

अस्तित्ववादी, व्यक्ति का अस्तित्व किसी बाह्य सत्ता के _________(1) नहीं मानते। उनके अनुसार मनुष्य अपने भाग्य का _________(2) तथा अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी स्वयं है। बिना अस्तित्वबोध के मनुष्य सच्चे अर्थों में _________(3) भी नहीं हो सकता। अस्तित्ववादी सुख की _________(4) को ही निरर्थक मानते हैं। उनके लिए किसी प्रकार की भी सामाजिक, धार्मिक, नैतिक, राजनीतिक, अथवा वैज्ञानिक _________(5) मनुष्य को न तो पूर्णत: संतुष्ट कर सकती है और न सुखी।

**SubQuestion No : 17**

**Q.17** **सर्वोचित शब्द से गद्यांश का द्वितीय रिक्त स्थान पूर्ण करें-**

**Ans**
- ✗ 1. विकासकर्ता
- ✗ 2. प्रस्तुतकर्ता
- ✓ 3. निर्माता
- ✗ 4. व्याख्याता

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

अस्तित्ववादी, व्यक्ति का अस्तित्व किसी बाह्य सत्ता के _________(1) नहीं मानते। उनके अनुसार मनुष्य अपने भाग्य का _________(2) तथा अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी स्वयं है। बिना अस्तित्वबोध के मनुष्य सच्चे अर्थों में _________(3) भी नहीं हो सकता। अस्तित्ववादी सुख की _________(4) को ही निरर्थक मानते हैं। उनके लिए किसी प्रकार की भी सामाजिक, धार्मिक, नैतिक, राजनीतिक, अथवा वैज्ञानिक _________(5) मनुष्य को न तो पूर्णत: संतुष्ट कर सकती है और न सुखी।

**SubQuestion No : 18**

**Q.18** **सर्वोचित शब्द से गद्यांश का तृतीय रिक्त स्थान पूर्ण करें-**

**Ans**
- ✗ 1. परतंत्र
- ✗ 2. जीवित
- ✓ 3. स्वछंद
- ✗ 4. आनंदित

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

अस्तित्ववादी, व्यक्ति का अस्तित्व किसी बाह्य सत्ता के _________(1) नहीं मानते। उनके अनुसार मनुष्य अपने भाग्य का _________(2) तथा अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी स्वयं है। बिना अस्तित्वबोध के मनुष्य सच्चे अर्थों में _________(3) भी नहीं हो सकता। अस्तित्ववादी सुख की _________(4) को ही निरर्थक मानते हैं। उनके लिए किसी प्रकार की भी सामाजिक, धार्मिक, नैतिक, राजनीतिक, अथवा वैज्ञानिक _________(5) मनुष्य को न तो पूर्णत: संतुष्ट कर सकती है और न सुखी।

**SubQuestion No : 19**

**Q.19** **सर्वोचित शब्द से गद्यांश का चतुर्थ रिक्त स्थान पूर्ण करें-**

**Ans**
- ✗ 1. वार्ता
- ✓ 2. लालसा
- ✗ 3. लालच
- ✗ 4. योग्यता

**Comprehension:**

निम्नलिखित गद्यांश में से कुछ शब्द हटा दिए गए हैं। दिए गए विकल्पों की सहायता से रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए। प्रत्येक संख्या के लिए उपयुक्त विकल्प का चयन कीजिए

अस्तित्ववादी, व्यक्ति का अस्तित्व किसी बाह्य सत्ता के _________(1) नहीं मानते। उनके अनुसार मनुष्य अपने भाग्य का _________(2) तथा अपने कर्मों के लिए उत्तरदायी स्वयं है। बिना अस्तित्वबोध के मनुष्य सच्चे अर्थों में _________(3) भी नहीं हो सकता। अस्तित्ववादी सुख की _________(4) को ही निरर्थक मानते हैं। उनके लिए किसी प्रकार की भी सामाजिक, धार्मिक, नैतिक, राजनीतिक, अथवा वैज्ञानिक _________(5) मनुष्य को न तो पूर्णत: संतुष्ट कर सकती है और न सुखी।

**SubQuestion No : 20**

**Q.20** **सर्वोचित शब्द से गद्यांश का पंचम रिक्त स्थान पूर्ण करें-**

**Ans**
- ✗ 1. पराकाष्ठा
- ✗ 2. अवनति
- ✗ 3. खोज
- ✓ 4. उन्नति